**दिनांक–09.01.2026 को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत भागलपुर जिलान्तर्गत अंचल–गोराडीह, मौजा–अजीजपुर पिथना में 560 आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य का वित्तीय बीड पर विचार करने हेतु निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:–**

---

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार अनुराग**<br>प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–<br>सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | सदस्य |
| 3. | **श्री अनिल कुमार**<br>मुख्य महाप्रबंधक,<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 4. | **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी**<br>महाप्रबंधक (दक्षिण),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 5. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 6. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>महाप्रबंधक (वित्त),<br>बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत भागलपुर जिलान्तर्गत अंचल–गोराडीह, मौजा–अजीजपुर पिथना में 560 आवासन क्षमता वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य। |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹5632.60 लाख अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का ज्ञापांक–106 दिनांक–23.05.2025. |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | – | ₹5784.92 लाख, दिनांक–27.08.2025. |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹54,97,65,067.00 |
| 5. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 6. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दिनांक–24.07.2025 को प्रभात खबर में |
| 7. | निविदा संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | **31/2025–26(Gr.-1),002349(B&C)2025–26** |
| 8. | निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | – | दिनांक–29.08.2025 से 22.09.2025 के 15:00 बजे तक |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय | – | दिनांक–23.09.2025 के 15:00 बजे तक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | – | दिनांक–24.09.2025 के 15:00 बजे |
| 11 | निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता | – | (i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101.<br>(ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307.<br>(iii) Shree Bala Ji Engicons Ltd., P.O.- Belpahar, Jharsuguda, Odisha- 768217.<br>(iv) Vaishno PB (JV), Patliputra Enclave , Patna. |

12.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः–

विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक–26.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की अनुशंसा के आलोक में सर्वसम्मति से निगम निविदा समिति की दिनांक–01.12.2025 की बैठक में इस निविदा में शामिल कुल चार निविदादाताओं में से दो निविदादाताओं (i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 (ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307 को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **सफल** एवं शेष दो निविदादाताओं (i) Shree Bala Ji Engicons Ltd., P.O.- Belpahar, Jharsuguda, Odisha- 768217 (ii) Vaishno PB (JV), Patliputra Enclave , Patna को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **असफल** घोषित किया गया था। साथ ही निगम निविदा समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय। दिनांक–08.12.2025 के अपराह्न 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवाद प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में तकनीकी बीड में सफल सभी निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा निष्पादन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

उक्त क्रम में दिनांक–05.12.2025 को मुकेश कुमार यादव, राजेन्द्र नगर, पटना द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से परिवाद समर्पित किया गया। परिवाद निस्तार हेतु दिनांक–11.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुआ। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में दिनांक–12.12.2025 को निगम निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक–01.12.2025 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखते हुए निविदादाताओं (i) M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 (ii) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307 का वित्तीय बीड खोलने का निर्णय लिया जाता है।

उक्त निर्णय के आलोक में सभी सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोला गया, जो निम्न प्रकार है–

| क्र0 सं0 | निविदादाता | परिमाण विपत्र की राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित मदों की) | संवेदक द्वारा उद्धृत दर/राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101. | ₹54,97,65,067.00 | **12.58% Below** ₹48,06,04,621.57 Say ₹48,06,04,622.00 Forty Eight Crore Six Lakh Four Thousand Six Hundred Twenty Two only. | ₹48,06,04,622.00 Forty Eight Crore Six Lakh Four Thousand Six Hundred Twenty Two only. |
| 2 | M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd., Jamui Bazar, Show Room, Near Jamui Police Station, Distt.- Jamui, Pin-811307. | | **11.01% Below** ₹48,92,35,933.12 Say ₹48,92,35,933.00 Forty Eight Crore Ninety Two Lakh Thirty Five Thousand Nine Hundred Thirty Three only. | ₹48,92,35,933.00 Forty Eight Crore Ninety Two Lakh Thirty Five Thousand Nine Hundred Thirty Three only. |

उपर्युक्त तथ्यों के आधार M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 का उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि **₹54,97,65,067.00** मात्र से **12.58%** (बारह दशमलव पाँच आठ प्रतिशत) **कम दर** यानि **₹48,06,04,622.00 (अड़तालीस करोड़ छः लाख चार हजार छः सौ बाईस रुपये)** मात्र है।

अतएव, तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदादाता M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101 के पक्ष में **₹48,06,04,622.00 (अड़तालीस करोड़ छः लाख चार हजार छः सौ बाईस रुपये)** मात्र पर कार्य आवंटित करने की अनुशंसा निगम निविदा समिति से की गयी है।

**14. निगम निविदा समिति का निर्णयः–**

उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त निगम निविदा समिति द्वारा दिनांक–18.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में सर्वसम्मति से परिमाण विपत्र की राशि **₹54,97,65,067.00** मात्र से **12.58%** (बारह दशमलव पाँच आठ प्रतिशत) **कम दर** यानि **₹48,06,04,622.00 (अड़तालीस करोड़ छः लाख चार हजार छः सौ बाईस रुपये)** मात्र पर **M/s Prasad Construction & Co., Lila Mohan Niwas, Naisarai, Biharsharif, Nalanda – 803101** के पक्ष में कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया जाता है। तदनुकूल मुख्य महाप्रबंधक स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे।

इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

9/1/26

**(विकास कु0 पाण्डेय)**
महाप्रबंधक(वित्त),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

9/1/26

**(विकास कु0 पाण्डेय)**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार
भवन निर्माण विभाग
बिहार, पटना

9/1/2026

**(सत्येन्द्र कुमार चौधरी)**
महाप्रबंधक(दक्षिण),
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

9/1/26

**(अनिल कुमार)**
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना

**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

09/01/26

**(कुमार अनुराग)**
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण
निगम लिमिटेड, पटना